## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्विंकल से अनाचार करने वालों को फांसी दो : ऋतु सिंह

रायपुर (आरएनएस)। देश में इन दिनों लगातार मासूम बच्चियों के साथ अनाचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। एक ओर केंद्र सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। महिलाओं को सबल बनाने के लिए कई स्वयंसेवी संगठन अपनी योजनाओं के माध्यम से दिन रात काम कर रहे हैं। वहीं पर अनाचारियों द्वारा मासूम बच्चियों के साथ एक के बाद एक अनाचार की घटनाएं घट रही हैं। कुछ दिनों पूर्व आसिफा के साथ अनाचार करने पर देश भर में विरोध किया गया था अनेक युवा संगठनों द्वारा कंडल मार्च भी निकाला गया था। हाल ही में मासूम बच्ची ट्विंकल शर्मा के साथ बरबरतापूर्वक अनाचार किया गया इस पर राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा की छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती ऋतु सिंह ने अलीगढ़ में 3 साल की मासूम बच्ची ट्विंकल की जघन्य हत्या पर न्याय की मांग सरकार से करते हुए दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के लिए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उक्त घृणित घटना के आरोपियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की है। ज्ञातव्य है कि मासूम बच्चियों के साथ अनाचार करने वाले अपराधियों को कोर्ट से जमानत मिल जाती है इस पर श्रीमती सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई से राज्यों के उच्च न्यायालयों एवं जिला न्यायालयों में घृणित घटना के संदर्भ में आरोपियों को जमानत पर नहीं छोड़े जाने के निर्देश न्यायाधीशों को देने की मांग की है।

### स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ले रहे मैराथन बैठक, कामकाज में कसावट लाने के मूड में

रायपुर (आरएनएस)। प्रायमरी हेल्थ सेंटर से लेकर जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज से लेकर सीजी एमएससी तक की जवाबदेही तय करने स्वास्थ्य विभाग की आज से दो दिवसीय मैराथन बैठक शुरू हो गया है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की उपस्थित में प्रारंभ हुई इस बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रत्येक पहलुओं को लेकर सवाल-जवाब किया जा रहा है, इसके अलावा नागरिकों और कार्यकर्ताओं से मिल रहे फीडबैक के आधार पर कुछ विशेष बिंदुओं पर जानकारी भी ली जा रही है। विभाग की इस बैठक के साथ ही यूनिवर्सल हेल्थ स्कीम को लेकर भी नीति निर्धारित हो सकती है। बताया जाता है कि स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव अपने विभाग के कामकाजों को लेकर काफी गंभीर हैं और वे विभाग में सभी कामों को लयबद्ध ढंग से करवाना चाह रहे हैं, इसके अलावा वे कामकाज में पूरी तरह से कसावट लाने के मूड में भी नजर आ रहे हैं, यही वजह है कि बैठक में वे विभाग से जुड़ी सभी बातों को लेकर चर्चा कर अफसरों से जानकारी ले रहे हैं।

### भीषण गर्मी के चलते स्कूल 1 जुलाई से खोलने की मांग पालकों ने शिक्षामंत्री से की

रायपुर (आरएनएस)। इस वर्ष पूरे प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते जहां तापमान रिकार्ड तोड़ इजाफे की ओर है वहीं स्कूल कड़कड़ाती गर्मी में 24 जून से खोलने का आदेश राज्य शासन के शिक्षा विभाग ने निजी एवं शासकीय विद्यालयों के लिए निकाला है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पालक एसोसियेशन आफ छत्तीसगढ़ के सदस्य शोभा तिवारी, सुरिन्दर कौर, आयेशा बेगम, श्रीमती जया माखिजा एवं राजीव मिश्रा ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री से बेहाल पड़ रही गर्मी के चलते अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से चले आ रहे स्कूल खोलने का निर्णय 1 जुलाई से लेने की मांग की है। ज्ञातव्य है कि धूप में बच्चों के बीमार पड़ने की संभावनाएं है। शिशु रोग विशेषज्ञों ने भी व्यक्त की है। वहीं अधिकांश सरकारी क्षेत्र के स्कूलों में हैण्ड पंपों के सूख जाने से बच्चों के लिए पेयजल उपलब्ध कराना भी स्कूल के शिक्षकों के लिए समस्या है। जहां तक निजी स्कूलों का मामला है वहां तक पहुंचने के लिए सुबह से शाम के मध्य पड़ने वाली गर्मी बच्चों के लिए नुकसान देह है।

### बस्तर में बिजली गिरने से बच्ची की मौत

जगदलपुर (आरएनएस)। बिजली गिरने से एक बच्ची की मौत हो गई। यह घटना कोडेनार थाना क्षेत्र के कुमारसडरा की है, जहां बिजली गिरने से 10 साल की बच्ची की मौत हो गई। मामले के बारे में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी डिलेश्वर चन्द्रवंशी ने बताया कि आज सुबह करीबन 9:30 यह हादसा हुआ। कुमारसडरा भीमापारा में टागारू के आँगन में सल्फी पेड़ में बिजली गिरने से टागारू की 10 साल की बेटी कुमारी मंगला कवासी की मौत हो गई।

# पंचम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी की समीक्षा

**» मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने ली बैठक**



रायपुर (आरएनएस)। समाज कल्याण मंत्री एवं छत्तीसगढ़ योग आयोग की पदेन अध्यक्ष श्रीमती अनिला भेंड़िया ने आज यहां मंत्रालय (महानदी भवन) में 21 जून 2019 को आयोजित की जाने वाली पंचम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी की समीक्षा की। छत्तीसगढ़ योग आयोग के अधिकारियों ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इस वर्ष लगभग 60 लाख लोगों को आयोजन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। गत वर्ष इस आयोजन में 59 लाख 89 हजार 364 लोगों को सामूहिक योग प्रदर्शन से जोड़कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड दर्ज कराया गया था।

अधिकारियों ने बताया कि आयोजन में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए जिला कलेक्टरों को आयोजन के संबंध में दिशा निर्देश जारी किया जाएगा। जिसमें जिला स्तर पर समस्त विभागों, पुलिस सुरक्षा बल के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों, जेल के बंदियों, एन.एस.एस., एन.सी.सी., स्कॉउड गाईड के सभी कैडेट, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं, स्वसहायता समूहों, युवा मण्डलों को अपने स्तर पर होने वाले आयोजनों में शामिल होने के लिए जिला व संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया जा सके। अधिकारियों ने जानकारी दी कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में प्रातः 7 से 8 बजे तक किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में रायपुर शहर के विभागीय मंत्री, विधायकगणों, उच्च अधिकारियों, अन्य अतिविशिष्ट जन समूह और गणमान्य नागरिकों को भी शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसी प्रकार जिला मुख्यालयों में भी योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा।

## बाइक-कंटेनर में भिड़ंत, दो मृत, बसना थाना क्षेत्र का मामला




महासमुंद (आरएनएस)। एनएच 53 में आज सुबह बाइक और कंटेनर की हुई भिड़ंत में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि एक को गंभीर हालत में उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया है। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। घटना बसना थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक छांदनपुर निवासी 3 युवक आज सुबह बाइक क्रमांक सीजी 06 जीएम 2449 से बसना आ रहे थे। इसी दौरान उनके सामने जा रही कंटेनर क्रमांक ओडी 02 एन 7064 से भिड़ंत हो गई। घटना इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार विलास भोई पिता सतू भोई (19), प्रभात बेहरा पिता श्रीवास बेहरा (20) की मौके पर ही मौत हो गई वहीं कमलेश भोई पिता सिकंदर भोई (18) को प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत में रायपुर रिफर किया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। घटना की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। हालांकि घटना स्थल की स्थिति को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि मौत का कारण तेज गति और ओव्हरटेक हो सकता है।

## मवेशी को बचाने कुएं में उतरे दो लोगों की दम घुटने से मौत

**» जहरीला गैस रिसाव की है आशंका**

सूरजपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के रामनगर में रविवार देर रात दम घुटने से दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। तीनों युवक कुएं में गिरे मवेशी को बचाने के लिए उतरे थे। सूचना पर सोमवार सुबह प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। फिलहाल दोनों युवकों के शवों को कुएं से बाहर निकालने का काम जारी है। बताया जा रहा है कि कुएं में पानी भरा हुआ था, लेकिन कई सालों से उसका उपयोग नहीं किया जा रहा था। कुएं में जहरीली गैस के रिसाव से मौत का अंदेशा

जानकारी के मुताबिक, बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के रामनगर में पतरापारा गांव के तीनों युवक बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि रविवार रात करीब 11 बजे एक ग्रामीण युवक का मवेशी कुएं में गिर गया था। इस पर मवेशी मालिक ने अपने साथ दो अन्य युवकों को लिया और मवेशी को बचाने के लिए कुएं में उतर गए।

इसी दौरान जहरीली गैस का रिसाव होने लगा और तीनों उसकी चपेट में आ गए। गैस रिसाव के कारण दम घुटने से दो युवकों की मौत हो गई।

### नीति आयोग की बैठक 15 को, सीएम कर सकते हैं विशेष पैकेज की मांग

रायपुर (आरएनएस)। दिल्ली में 15 जून को होने वाली नीति आयोग की बैठक में शामिल होने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नई दिल्ली जाएंगे। बताया जा रहा है कि आयोग की बैठक में शामिल होने राज्य सरकार ने स्वीकृति दे दी है। चर्चा यह भी हो रही है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस बैठक में राज्य के लिए विशेष पैकेज की मांग भी कर सकते हैं। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली से आज दोपहर नियमित विमानसेवा से वापस आ रहे हैं, वे दोपहर में यहां पहुंच जाएंगे और यहां विशेष पैकेज को लेकर विशेषज्ञों व जानकारों से चर्चा करने के पश्चात 15 तारीख को फिर से नीति आयोग की बैठक में शामिल होने दिल्ली रवाना होंगे।

## इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय ने सीएसवीटीयू को भेजा नोटिस

**» गैर क़ानूनी तरीके से चलाये जा रहे एग्रीकल्चर डिग्री कोर्स पर करे कार्यवाही**




रायपुर (आरएनएस)। इंदिरा गाँधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर (छग) ने स्वामी विवेकानन्द टेक्निकल यूनिवर्सिटी भिलाई को 4 जून 2019 को नोटिस भेजा है जिसमे गैर क़ानूनी तरीके से चलाये जा रहे एग्रीकल्चर डिग्री कोर्स पर करे कार्यवाही करने की बात कही है, जिसमे मुख्य रूप से रुंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी भिलाई (आर -1) द्वारा चलाये जा रहे एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग डिग्री कोर्स शामिल है 7 भेजे गए नोटिस में यह सूचित किया गया है कि विश्व विद्यालय प्रबंध मंडल की 96 वी बैठक दिनांक 24 जून 2015 में चर्चा की गयी थी कि इंदिरा गाँधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर के अधिनियम एवं परिनियम के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश के अन्दर सभी कृषि शिक्षा एवं सम्बंधित विज्ञानं के पाठ्यक्रम केवल इंदिरा गाँधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर अथवा इससे सम्बंधित संस्था द्वारा ही चलाये जा सकते है। अर्थात अन्य कोई भी और संस्था कृषि शिक्षा से सम्बंधित पाठ्यक्रम चलाती है तो वह गैर क़ानूनी होगा। अतः प्रबंध मंडल ने सलाह दी कि विश्वविद्यालय इस सम्बन्ध में एक विज्ञापन जारी करे कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में कृषि शिक्षा एवं सम्बंधित विज्ञानं के पाठ्यक्रम केवल इंदिरा गाँधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर द्वारा संचालित किये जाते है, अतः प्रदेश में स्थित अन्य किसी विश्वविद्यालय अथवा संस्था द्वारा चलाये जा रहे पाठ्यक्रम में विद्यार्थी प्रवेश ना लेंवे।

## अडानी के खिलाफ आंदोलनरत 200 आदिवासी हुए बीमार

**» 20 हजार से अधिक आदिवासी चौथे दिन भी डटे हुए आंदोलन पर**



दंतेवाड़ा (आरएनएस)। पहाड़ और अपनी सांस्कृतिक विरासत बचाने के लिए आदिवासियों का आंदोलन लगातार चौथे दिन भी जारी है। इनके धरने प्रदर्शन पर मौसम की मार का असर दिखने लगा है, अब इनकी तबियत बिगड़ने लगी है। अब तक लगभग 200 आदिवासी बीमार हो चुके हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बीते शुक्रवार से आदिवासी एनएमडीसी के गेट के सामने धरने पर बैठे हैं। भीषण गर्मी, फिर बारिश और अब फिर भीषण गर्मी के बीच इनका आंदोलन जारी है। अपने पूरे परिवार के साथ इन आदिवासियों का महाआंदोलन जारी तो है, लेकिन लगातार मौसम में बदलाव की वजह से उल्टी, दस्त और बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। रविवार देर रात लगभग डेढ़ सौ आदिवासियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं सोमवाह सुबह भी 50 से अधिक लोग इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे।

इस आंदोलन में 20 हजार से ज्यादा आदिवासी जंगलों के भीतर से पैदल यात्रा करते हुए धरना स्थल पर पहुंचे हुए हैं। इतनी बड़ी संख्या में आदिवासियों के आंदोलन को लेकर प्रशासन द्वारा किसी तरह की कोई स्वास्थ्य सेवा संबंधी व्यवस्था नहीं की गई है।

भूखे-प्यासे खुले आसमान के नीचे सड़क पर बैठे इन आदिवासियों को देखकर एनएमडीसी बचेली के मजदूर संगठनों का दिल पसीज गया है, उन्होंने भी अपना काम धीमा करने का ऐलान कर दिया है, वहीं इसी बीच पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम और बस्तर सांसद दीपक बैज भी आंदोलनकारियों के बीच किरंदुल पहुंच रहे हैं।

### आदिवासी ही बचा सकते हैं जंगल- सीएम

खुद मुख्यमंत्री भी कहते हैं कि आदिवासियों की वजह से जंगल सुरक्षित हैं। 8 जून को उन्होंने ट्वीट कर कहा था कि सदियों से जंगल को बचाकर रखा है, वे जंगल को बचा सकते हैं। जब खुद मुख्यमंत्री भी आदिवासियों के साथ खड़े होने की बात सत्ता संभालने से पहले से लेकर अब तक कहते रहे हैं, ऐसे में प्रकृति पुत्र आदिवासियों की निगाह भी मुख्यमंत्री की ओर है।

## 16 जवानों का हत्यारा नक्सली हुआ गिरफ्तार



जगदलपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की बीजापुर जिला पुलिस ने आगजनी और 16 पुलिस कर्मियों की हत्या में शामिल एक नक्सली को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है।

बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने बताया कि थाना पामेड़ से संयुक्त पार्टी एरिया डॉमिनेशन एवं नक्सली आरोपियों की पता तलाश में ग्राम एमपुर, रासपल्ली की ओर रवाना हुई थी। मुखबीर की सूचना पर एमपुर के जंगल से एक नक्सली अर्जुन कुंजाम संगठन में धारित पद मिलिशिया कमाण्डर धरमावरम-पामेड़ क्षेत्र को दबोच लिया गया।

उन्होंने बताया कि अर्जुन दिनांक 03 जनवरी 2019 को धरमावरम मार्ग पर ट्रेक्टर में आगजनी, दिनांक 27 अप्रैल 2019 को तोंगगुड़ा में 01 सहायक आरक्षक एवं 01 आरक्षक की हत्या, साल 2007 में 12 जवानों की हत्या एवं वर्ष 2010 में पामेड़ किराना दुकान में 02 जवानों की हत्या में शामिल रहा है।

## भारत में सलमान खान की मां बनने पर बोलीं सोनाली कुलकर्णी



सलमान खान और कटरीना कैफ स्टारर फिल्म भारत बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म को ऑडियंस का पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है और लोग इसकी तारीफ कर रहे हैं। फिल्म ने पहले 4 दिनों में 100 करोड़ की कमाई कर ली है।

बता दें कि फिल्म में जैकी श्रॉफ ने सलमान के पिता और सोनाली कुलकर्णी ने उनकी मां का किरदार निभाया है। भारत में अपने रोल के बारे में बात करते हुए सोनाली ने कहा कि जब उन्हें इस फिल्म का ऑफर आया था तो उन्हें शक था कि वह इस रोल को ठीक से निभा पाएंगी या नहीं लेकिन फिल्म के डायरेक्टर अली अब्बास जफर ने उनके सारे सवालों के जवाब दिए। सोनाली ने कहा कि जफर अपनी फिल्म में उनके कैरेक्टर के बारे में पूरी तरह आश्वस्त थे। जफर किसी ऐसे व्यक्ति को ढूंढ रहे थे जो जवानी और बुढ़ापे वाले दोनों किरदारों को ठीक ढंग से निभा सके।

सोनाली ने यह भी कहा कि पहले उन्होंने अपनी उम्र के बारे में सोचा लेकिन उन्होंने करियर की शुरुआत से ही हर तरीके के किरदार निभाए हैं। इसके बाद उन्होंने इस रोल के लिए हां कह दिया। वैसे बता दें कि फिल्म में मां का रोल निभाने वाली सोनाली कुलकर्णी रीयल लाइफ में सलमान खान से उम्र में काफी छोटी हैं।

गौरतलब है कि इससे पहले सोनाली कुलकर्णी ने मिशन कश्मीर में रितिक रोशन की मां का किरदार भी निभाया था। जबकि उससे एक साल पहले रिलीज हुई फिल्म दिल चाहता है में सोनाली ने सैफ अली खान की लेडी लव के किरदार में दिखी थीं।

## बेहद स्टाइलिश लुक में डबिंग करने पहुंची कंगना रनौत



बॉलिवुड की क्वीन कंगना रनौत हमेशा किसी न किसी वजह से सुर्खियों में रहती हैं। अभी कंगना अपनी अगली फिल्म मेंटल है क्या कर रही हैं। हाल में कंगना को मुंबई के एक डबिंग स्टूडियो के बाहर स्पॉट किया गया। कलीं हेयरस्टाइल में कंगना ने वाइट कलर की टी-शर्ट और ब्लू डेनिम शॉर्ट्स के साथ वाइट शूज पहने हुए थे। डबिंग स्टूडियो के बाहर पपराजी को देख कंगना ने उन्हें निराश नहीं किया और खुलकर पोज दिए। अपनी पिछली फिल्म मणिकर्णिकाः द क्वीन ऑफ झांसी के बाद अब कंगना अपनी अगली फिल्म मेंटल है क्या के पोस्ट प्रॉडक्शन में बिजी हैं। बताया जा रहा है कि इसकी शूटिंग पूरी हो गई है। मेंटल है क्या में राजकुमार राव क्वीन के बाद एक बार फिर कंगना के साथ नजर आएंगे।

## मुंह में गर्मी से हो रहे छालों को दूर भगाएं, आइसक्रीम का करें सेवन




गर्मी का मौसम हो, या ठंड की शाम...आइसक्रीम के शौकीन लोगों के लिए यह किसी भी समय खाई जा सकती है। आइसक्रीम खाना जितना मजेदार होता है, उतने ही बेहतरीन फायदे भी मिल जाएं तो बेशक यह सोने पर सुहागे वाली बात होगी। तो फिर बिना देर किए जान लीजिए आइसक्रीम के यह फायदे-

जब आप आइसक्रीम खाते हैं, तो काफी रिफ्रेश यानि ताजातरीन महसूस करते हैं। तो जब भी थकाऊ या बोझिल महौल से निकलना चाहें, आइसक्रीम खाइए।

आइसक्रीम आपको ऊर्जा देती है और जब यह पूरी तरह से दूध, शक्कर और मेवों से बनी होती है, तो यह आपके शरीर में कई पोषक तत्वों की आपूर्ति करती है जैसे विटामिन ए, बी, सी, डी, मिनरल्स आदि।

यह आपको अनावश्यक तनाव से दूर करती है और खुशी का संचार करने में मददगार है। बिगड़े हुए मूड को ठीक करने और गुस्सा शांत करने के लिए तो यह बेहतरीन उपाय है।

कैल्शियम से भरपूर होने के कारण यह न केवल आपकी हड्डियों के लिए लाभकारी होती है, बल्कि कोलोन कैंसर से बचाने में भी सहायक होती है।

मुंह में अगर छाले हो गए हैं, तो आइसक्रीम खाइए और छालों के दर्द व जलन से बचिए, क्योंकि आइसक्रीम ठंडक के साथ छालों को सुन्न कर देगी और आप शांति महसूस करेंगे।